डीएम ने किया सिंधुवारिणी जलाशय योजना के कार्य का निरीक्षण

रबी की सिंचाई के लिए पानी की नहीं हो कमी

हवेली खड़गपुर (आससे)। सिंधुवारिणी जलाशय योजना को लेकर किए जा रहे कार्य को स्थिति का अवलोकन करने गुरुवार को जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर पहुंचे। स्थलीय निरीक्षण के साथ डीएम ने सिंधुवारिणी जलाशय योजना के कार्य क्षेत्र में किए जा रहे कांक्रीट कार्य को स्थिति का अवलोकन किया। ?निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने योजना के क्रियान्वय की स्थिति अब तक हुई प्रगति झील में पानी के स्तर को कम कर वहां पिलरिंग के काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को यह विशेष रूप से ध्यान रखने को कहा कि निर्माण कार्य को लेकर नदी और नहर में छोड़े जा रहे पानी से किसानों के खेतों में लगी वर्तमान फसल को कोई नुकसान न पहुंचे और आगे किसानों के रबी फसल की सिंचाई के लिए पानी की कोई कमी या समस्या नहीं हो इसका ख्याल रखने के निर्देश संबंधित विभाग के अभियंता और पदाधिकारी को दिया। उन्होंने कहा कि मनी नदी और नहरों में झील से छोड़े जा रहे पानी से किसानों की फसलों को कोई नुकसान या क्षति नहीं हो और पानी सीधे तौर पर किसानों के खेतों की बजाय गंगा नदी में गिरे ऐसी व्यवस्था करें। डीएम ने सभी संबंधित कार्यों को पूरी गति और गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर जोर दिया। इस मौके पर एसडीएम प्रेम कुमार, डीसीएलआर हलेंद्र कुमार सिंह, वनों के क्षेत्रीय पदाधिकारी रॉबिन आनंद, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता मुकेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि नरेश प्रसाद सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



अब नये सृजित डीएसपी सुलतानगंज के अलावे संभालेंगे छह थाना क्षेत्र की भी विधि व्यवस्था

सुलतानगंज (आससे)। भागलपुर जिला के सुलतानगंज सहित छह थाना क्षेत्र के अलग से डीएसपी को सुरक्षा व्यवस्था का कमान संभालने का जिम्मेदारी मिलेगा। इसके लिये राज्य सरकार ने जिला मुख्यालय के सदर डीएसपी से सुलतानगंज थाना क्षेत्र को अलग कर दिया है। बताया कि पहले सुलतानगंज सहित छह थाना क्षेत्र का विधि व्यवस्था का कमान जिला मुख्यालय के डीएसपी के जिम्मे था। सुलतानगंज मे पिछले 28 अप्रैल को एक बड़ी अपराधी घटना हुआ था। एक कार्यपालक पदाधिकारी और एक सभापति के मौत हुई थी,जिसके बाद स्थानीय लोगों की मांग थी कि सुलतानगंज मे एक डीएसपी स्तर का पुलिस पदाधिकारी का स्थाई पद हो और विधि व्यवस्था उनके जिम्में रहे। सुलतानगंज एक धार्मिक स्थल है,यहां हर साल सावन माह मे एक माह तक श्रावणी मेला का आयोजन बड़े पैमाने पर होता है,जहां लाखों लोग जलभर कर बाबाधाम कांवर यात्रा करते है और अब सीधे सुलतानगंज के डीएसपी छह थाना क्षेत्र के साथ सुलतानगंज का विधि व्यवस्था देखेगे।



OFFICERS TRAINING ACADEMY,PAHARPUR,GAYA(BIHAR)

NOTICE INVITING APPLICATION NO 42971/QM/GCS CLO/QM DATED 30 OCT 2026

1. Officers Training Academy, Gaya (Bihar), invites applications from reputed and experienced vendors for providing 02(Two) types of Army uniform Shoes(Boot High Ankle with Toe Cap & Brogue Shoes) for approximately 750 Officer Cadets undergoing training each year. Details of Army Uniform Shoes can be obtained from Office of QM, OTA, Gaya. For further query contact Quarter Master, OTA, Gaya on Mob No 7665433605.

2. Eligibility Criteria is mentioned as follows :-

2.1 Vendor should have minimum three years experience of Army Uniform Shoes,Manufacturing,provisioning/supplying of Army Uniform Shoes for Officer Cadets and all ranks.

2.2 Applicants will enclose following documents along with application:-

2.2.1 Income Tax Return Certificate last 3 years.

2.2.2 Residential Proof/Voter ID and 01 x Passport Size colour photograph.

2.2.3 Bank Account Details.

2.2.4 PAN Card.

2.2.5 TIN/GST along with registration certificate.

2.2.6 Micro, Small and Medium Enterprises (MSME) & Make In India (MII) Certificate where applicable.

2.2.7 Police verification (Character Certificate).

2.2.8 Experience Certificate from military authority/ institutions.

2.3 Vendor applying should have his own manufacturing plant for Army Uniforms Shoes. Capacity verification will be done by Board of Officer for checking the same.

2.4 Other details of Army Uniform Shoes required to be supplied may be obtained by vendors from QM OTA Gaya on phone (Contact No. mentioned in Paragraph1).

2.5 Company should not have been blacklisted by any government organization and there should not be any police case against the vendor. A vendor found to be applying for contract by creating proxy firms under different names will be disqualified and blacklisted.

2.6 Technical Specifications and design of Army Uniform Shoes will be discussed and specified to the vendor in a pre bid meeting with a Board of Officers(BOO).Army Uniform Shoes quality not as per demanded standards will invite disqualification from their participation. Request for Proposal documents will be issued to the vendors fulfilling the eligibility criteria. Last date of receipt of application is **09 November 2026.**

2.7 Bids shall be evaluated both in terms of quality as well as quoted price ie as per quality & cost based selection(QCBS) methodology.

Commandant
Officers Training Academy, Gaya

ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ने की बैठक

मुंगेर (आससे)। मुंगेर के जमालपुर में ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ने अपने स्थाईकरण की मांग,सुरक्षा मुहैया कराने की मांग, नियमित मानदेय का भुगतान करने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बैठक में विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सपना भारती ने की। जिला अध्यक्ष स पना भारती ने पत्रकारों को बताया बताया कि ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ने कई वर्षों से लगातार दुर्गा पूजा ,दीपावली ,छठ ,होली सहित आपदा से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यो के दौरान ड्यूटी कर अहम योगदान दिया है। बिना मानदेय के इस तरह का योगदान दिया जाना अत्यंत प्रशासनीय है। उन्होंने कहा कि ग्राम रक्षा दल के सदस्य कानून व्यवस्था को बनाए रखने से लेकर अन्य सामाजिक कार्यों में काम करने में अव्वल है। सपना भारती ने यह भी कहा कि जिला प्रशासन मुंगेर के वरीय पुलिस पदाधिकारी से लेकर थाने के सभी पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बलों का ग्राम रक्षा दल के सदस्यों से सहयोग मिला है। उन्होंने इसके लिए मुंगेर जिले के पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद सहित सभी पुलिस अधिकारियों व पुलिस बलों को हार्दिक बधाई दी है ।सपना भारती ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मांग की है कि अविलंब ग्राम रक्षा दल के सदस्यों का मानदेय निर्धारण कर नियमित किया जाए।

जिलाधिकारी ने किया स्टेडियम के लिए चयनित भूमि का स्थलीय निरीक्षण

जमुई (आससे)। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय जमुई के स्टार्टअप सेल द्वारा जिला उद्योग केंद्र जमुई के सहयोग से संस्थान परिसर में 'स्टार्टअप बैंक कनेक्ट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा छात्रों में उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें अपने नवोन्मेषी विचारों को धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक वित्तीय एवं तकनीकी सहायता से जोड़ना है। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र जमुई के महाप्रबंधक सह उद्योग विस्तार पदाधिकारी शुभम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे , जबकि बैंकिंग क्षेत्र से यूको बैंक के सहायक प्रबंधक सुधांशु शेखर , केनरा बैंक के सहायक प्रबंधक राजकमल , इंडियन बैंक के प्रतिनिधि आदि जन मौके पर मौजूद थे। प्राचार्य डॉ.भोपाल कुमार ने मौके पर स्टार्टअप व इनोवेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को लीक से हटकर कुछ नया करने तथा समाज की समस्याओं का समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया।

जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शुभम कुमार ने छात्रों को स्टार्टअप फंड सपोर्ट , इंडस्ट्री डेवलपमेंट और सरकार की उद्योग से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सत्र को आगे बढ़ाते हुए केनरा बैंक के सहायक प्रबंधक राजकमल ने स्टार्टअप्स के लिए बैंकों की विभिन्न ऋण नीतियों और वित्तीय सहायता की प्रक्रियाओं से अवगत कराया , वहीं यूको बैंक के सहायक प्रबंधक सुधांशु शेखर ने भी युवा उद्यमियों को हरसंभव वित्तीय मदद और उचित मार्गदर्शन देने का पूर्ण आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन माध्यम से जुड़ी जानी-मानी फिनटेक कंपनी %रेजरपे% ने छात्रों को स्टार्टअप्स के लिए डिजिटल भुगतान प्रणाली , फंडिंग और तकनीकी सहायता प्राप्त करने के व्यावहारिक तौर-तरीकों की जानकारी दी। स्टार्टअप सेल के फैकल्टी इंचार्ज सोनू कुमार ने बताया कि कैसे युवा उद्यमी इनोवेशन और आधुनिक तकनीक की मदद से अपने स्टार्टअप को स्केल-अप कर सकते हैं और बाजार में तीव्र गति से ग्रोथ हासिल कर सकते हैं।

स्टार्टअप बैंक कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित



प्रपत्र VII

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अर्जन निदेशालय)

या

समाहर्ता–सह–समुचित सरकार

अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

चूँकि बिहार सरकार/समाहर्ता को प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा–**परियोजना पथ प्रमंडल, रोसड़ा अन्तर्गत मणिका (एस0एच0–88) से विक्रमपुर (एन0एच0–322) भाया श्रीराम जानकी मेडिकल कॉलेज नरघोघी, सरायरंजन बाईपास पथ के निर्माण** के लिए राजस्व ग्राम–**सारंगपुर (घ),** थाना नं0–**279**, राजस्व थाना–**समस्तीपुर** अंचल–**मोरवा**, जिला–**समस्तीपुर** में रकवा **0.388** एकड़ अर्थात् **0.1570** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन भू–खंड है जो मापक माप से कमोवेश **0.388** एकड़ अर्थात् **0.1570** हेक्टेयर है और ग्राम–**सारंगपुर (घ),** थाना नं0–**279**, राजस्व थाना–**समस्तीपुर** अंचल–**मोरवा**, जिला–**समस्तीपुर** में है, जिसका विवरण निम्नवत है:–

क्रम सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1		6225	निजी	आवासीय	0.07	मलेजा पोद्दार पे0 स्व0 विश्वनाथ पोद्दार वो हरिचन्द्र पोद्दार वो हरेराम पोद्दार पे0 स्व0 जामुन पोद्दार	सीट–6	सड़क	खेसरा सं0–6224	सीट–6
2		6224	निजी	आवासीय	0.023	सुनील कुमार झा वो अनिल कुमार झा वो फेकन झा वो सोनेलाल झा पे0 स्व0 शोभाकांत झा वो सुधीर कुमार झा पे0 स्व0 नवल किशोर झा	खेसरा सं0–6423	सड़क	सीट–6	खेसरा सं0–6225
3		6230	निजी	आवासीय	0.024	अरूण पोद्दार पे0 स्व0 जदु पोद्दार	सड़क	खेसरा सं0–6229	खेसरा सं0–6227	सीट–6
4		6227	निजी	आवासीय	0.025	राम सागर राय पे0 स्व0 चलितर राय	सड़क	खेसरा सं0–6228	खेसरा सं0–6237	खेसरा सं0–6230
5		6237	निजी	आवासीय	0.017	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0–6236	खेसरा सं0–6238	खेसरा सं0–6227
6		6238	निजी	आवासीय	0.012	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0–6236	खेसरा सं0–6239	खेसरा सं0–6237
7		6239	निजी	आवासीय	0.014	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0–6245	खेसरा सं0–6240	खेसरा सं0–6238
8		6240	निजी	आवासीय	0.005	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0–6241	खेसरा सं0–6241	खेसरा सं0–6239
9		6241	निजी	आवासीय	0.01	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0–6243	खेसरा सं0–6277	खेसरा सं0–6240
10		6277	निजी	आवासीय	0.018	अवध नारायण लाल वो हरि नारायण लाल पे0 स्व0 जगदम्बी लाल वो सीयाराम राय पे0 रामदेव राय	सड़क	खेसरा सं0–6276	खेसरा सं0–6278	खेसरा सं0–6241
11		6278	निजी	आवासीय	0.015	सियाराम राय पे0 रामदेव राय वो अशर्फी राय वो कामेश्वर राय पे0 रामदेव राय	सड़क	खेसरा सं0–6279	खेसरा सं0–6280	खेसरा सं0–6277
12		6280	निजी	आवासीय	0.02	जुगेश्वर राय वो राम प्रकाश राय पे0 बिहारी राय	सड़क	खेसरा सं0–6272	खेसरा सं0–6281	खेसरा सं0–6278
13		6281	निजी	आवासीय	0.02	रामनारायण राय पे0 बिहारी राय	सड़क	खेसरा सं0–6282	खेसरा सं0–6294	खेसरा सं0–6280
14		6294	निजी	आवासीय	0.035	हरिहर राय पे0 बिरत राय वो सुरेश राय वगैरह पे0 दिपू राय वो अशोक राय वगैरह पे0 नेवा राय	सड़क	खेसरा सं0–6286	सीट–6	खेसरा सं0–6281
15		6036	निजी	आवासीय	0.015	अकलू साह वो नेति लाल साह वो हजारी साह वो मोती साह वो राम बलम साह वो राम जतन साह पे0 सुखदेव साह	सीट–6	सड़क	सीट–6	खेसरा सं0–6037
16		6037	निजी	आवासीय	0.015	अकलू साह वो नेति लाल साह वो हजारी साह वो मोती साह वो राम बलम साह वो राम जतन साह पे0 सुखदेव साह	सीट–6	सड़क	खेसरा सं0–6036	खेसरा सं0–6038
17		6038	निजी	आवासीय	0.0225	सकिन्द्र साह वो शिव कुमार साह वो लखीन्द्र साह वो चंदन साह पे0 रामगीता साह	सीट–6	सड़क	खेसरा सं0–6037	खेसरा सं0–6039
18		6039	निजी	आवासीय	0.0275	अशोक राय वो लालबाबू राय पे0 हदूगी राय वो कामेश्वर राय पे0 रामदेव राय	सीट–6	सड़क	खेसरा सं0–6038	सीट–6

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:– गाँव ...X..... थाना ...X..... थाना सं0 ...X..... अंचल ...X..... एवं जिला ...X..... क्षेत्र ...X..... एकड़

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेष भाग में पड़े कोयला खादान, लौह पत्थर, स्लेट या अन्य खनिज हैं, ऐसे भागों में पड़े हुए खादान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गई है परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाया अथवा उपयोग किये जाने की अपेक्षा है को छोड़कर, आवश्यक नहीं है।

जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, समस्तीपुर के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

PR- 014282 (Revenue) 2026-27

समाहर्ता, समस्तीपुर

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण को लेकर जिला पदाधिकारी ने रैयतों के साथ की बैठक

हवेली खड़गपुर (आससे)। गुरुवार को तारापुर प्रखंड अंतर्गत माणिकपुर पंचायत के कमरगामा में प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को लेकर आज जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने स्थानीय रैयतों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने संबंधित भूमि के अधिग्रहण के विभिन्न पहलुओं पर रैयतों से चर्चा की तथा परियोजना के महत्व से अवगत कराते हुए उनके सहयोग की अपेक्षा की। मौके पर तारापुर एसडीएम महेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में खेल सुविधाओं का विकास युवाओं के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। कमरगामा में स्टेडियम का निर्माण होने से न केवल क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं एवं उभरते खिलाड़ियों को खेलकूद के अभ्यास, प्रतिभा निखारने तथा अपनी खेल क्षमता को बेहतर बनाने के लिए एक सुदृढ़ आधारभूत सुविधा उपलब्ध होगी। इससे ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर भी मिल सकेंगे। उन्होंने स्थानीय रैयतों से अपील किया कि वे क्षेत्र के व्यापक हित एवं विकास को ध्यान में रखते हुए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि भूमि अधिग्रहण के बदले संबंधित रैयतों को नियमानुसार एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास योजनाओं का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा स्थानीय स्तर पर विकास के नए अवसर सृजित करना है। ऐसे में जनसहयोग से परियोजना का क्रियान्वयन सुगम होगा और इसका लाभ आने वाली पीढ़ियों को भी मिलेगा। बैठक के माध्यम से जिला प्रशासन ने स्टेडियम निर्माण की दिशा में स्थानीय रैयतों के साथ संवाद स्थापित करते हुए परियोजना के लिए सहयोगात्मक वातावरण बनाने पर जोर दिया। बैठक के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा स्टेडियम के लिए चयनित भूमि का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया।



झालमुरी बेचने वाले का बेटा का भारतीय पेनकैक सिलाट टीम में चयन

भागलपुर(आससे)। प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती और अगर हौसलों में उड़ान हो,तो आर्थिक तंगी भी रास्ता नहीं रोक सकती। इसकी मिसाल भागलपुर के प्रिंस कुमार ने पेश की है। झालमुरी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले पिता के बेटे प्रिंस ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मुकाम हासिल किया है। बिहार बाल भवन किलकारी, भागलपुर में कई वर्षों से प्रशिक्षण ले रहे प्रिंस कुमार का चयन भारतीय पेनकैक सिलाट टीम में हुआ है। अब वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने खेल का जौहर दिखाकर बिहार और भागलपुर का नाम रोशन करने की तैयारी में हैं। प्रिंस की इस उपलब्धि को लेकर किलकारी बिहार बाल भवन के कंपनीबाग परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कराटे प्रशिक्षक एवं किलकारी से जुड़े पदाधिकारियों ने प्रिंस की सफलता की जानकारी साझा की। उनकी उपलब्धि से संस्थान में खुशी का माहौल है।



आर एम के स्कूल मैदान पर खेलों का महाकुंभ

बांका (आससे)। स्थानीय आरएमके स्कूल के मैदान पर राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय खेलकूद का भव्य आयोजन हुआ। उप विकास आयुक्त उपेन्द्र सिंह, अपर समाहर्ता अजीत कुमार, उपनिदेशक खेल अजय कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी राजकुमार, जिला खैल पदाधिकारी विनीत सिंहा,प्रभारी प्रधानाध्यापक डा.राकेश रंजन सहित अन्य पदाधिकारियों नै संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर खेल का उद्घाटन किया गया, इस मौके पर रंग-विरंगै गुब्बारे भी उड़ाए गए। अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 में नौ प्रमंडल और एक एकलव्य की टीम विभिन्न मुकाबले मैं भाग ले रहा है। भाग ले रही टीम जीत कर अगले दौर में प्रवेश करने के लिए जूझती दिखी। पहले दिन फुटबॉल में अंडर-19 के पहले मुकाबले में दरभंगा ने सारण को 2-1 के अंतर से हराया। वहीं मगध से मुंगेर प्रमंडल पर 2-0 के अंतर से शानदार विजय प्राप्त किया। अंडर-17 में मुंगेर ने पूर्णिया को 2-0, भागलपुर ने सारण को 2-1 तथा एकलव्य ने दरभंगा को 2-0 के अंतर से पराजित किया। वहीं अंडर-14 के मुकाबले में मुंगेर ने कोशी को 2-0, सारण ने पूर्णिया को 2-0, मगध ने पटना को 2-1 तथा तिरहुत ने दरभंगा को 2-0 के अंतर से पराजित कर पहले दिन के खेल में बढ़त हासिल किया है। तीन अलग-अलग कोर्ट पर तीनों आयु वर्ग का मैच लगातार चल रहा है। मुकाबला देर रात तक जारी रहा। इसके पहले आरएमके स्कूल मैदान में बिहार राज्य विद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सरस्वती विद्या निकेतन और आरएमके स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत, छठ गीत आदि की प्रस्तुति भरत कुमार की अगुवाई में किया। मंच संचालन डा.रमेश कुमार झा ने किया। निर्मला हरिमोहरा उच्च विद्यालय के बच्चों ने बैंड बजाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बाद में अधिकारियों ने वालीबाल शाट भी लगाया। प्रतियोगिता को लेकर मैदान में उत्साह का माहौल है। राज्य के विभिन्न प्रमंडलों से पहुंचे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के नौ प्रमंडलों और एक क्लब केंद्र की कुल 30 टीमें हिस्सा ले रही हैं। खिलाड़ियों और टीमों के पहुंचने से बांका में खेल गतिविधियों को लेकर उत्साह बढ़ गया है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए विभिन्न जिलों से खिलाड़ी बांका पहुंचे हैं। आयोजन को लेकर मैदान में आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

प्रतियोगिता में खिलाड़ी वॉलीबॉल के स्मैश, अटैक, और किल जैसे कौशल का प्रदर्शन करेंगे। मैदान पर खिलाड़ियों के दमखम के साथ टीमों के बीच बेहतर तालमेल भी देखने को मिलेगा। प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा साबित करने का अवसर मिलेगा। वहीं, राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों को एक-दूसरे के खेल कौशल को समझने और अनुभव साझा करने का भी मौका मिलेगा।

बांका में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन से जिले की खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। आयोजन से जुड़े लोगों को विश्वास है कि प्रतियोगिता के दौरान अगले दो दिनों में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। आयोजन की सफलता में प्रदीप कुमार, चंदन कुमार, पंकज कुमार, हरीश गांगूली, राणा जसवंत सिंह, विजयंत सिंह, महेश चक्रवर्ती, रमेश प्रियदर्शी सहित राष्ट्रीय स्तर कै पहुंचे दो दर्जन कोच और रेफरी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



मालदा के डीआरएम की कार्यप्रणाली की जांच की मांग को लेकर पीएम को लिखा पत्र

मुंगेर (आससे)। अमृत भारत स्टेशन योजना में मॉडल स्टेशन जमालपुर के साथ लगातार हो रहे भेदभाव को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ? सह जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के संयोजक पप्पू यादव ने प्रधानमंत्री रेल मंत्री और रेलवे वोर्ड के चेयरमैन को पत्र लिख कर मालदा ? के डीआरएम के कार्यप्रणाली की स्वतंत्र एजेन्सी से जाँच कराने की मांग की है।



श्री यादव ने अपने लिखे पत्र में कहा कि पूर्व रेलवे के मालदा मंडल का प्रतिदिन भारी राजस्व देने वाले मॉडल स्टेशन जमालपुर केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अमृत भारत स्टेशन योजना में करोड़ों रुपए का बजट स्वीकृत के बावजूद मंडल रेल प्रबंधक एवं उनके अधीनस्थ अधिकारियों के उदासीन रवैये व संदिग्ध कार्य प्रणाली के कारण यह योजना जमालपुर मे लूट योजनाओं में तब्दील होकर रह गया है।आलम ये है कि इस रेल खंड पर अवस्थित छोटे छोटे ? हाल्ट और स्टेशन पर विकास के नाम पर खानापूर्ति तो नजर आती है वही प्रसिद्ध ? मॉडल स्टेशन जमालपुर मे विकास के नाम पर एक कमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण जो 3 साल से हाथी दांत के समान खड़ा है, जिसका ? आज तक उपयोग नहीं हो पाया है,के साथ ही स्टेशन के बाहर आंधी में उड़ ?ने वाले शेड ? के देख कर ही प्रतीत होता है कि यहाँ अमृत भारत योजना कमिशन खोरी की भेंट चढ गया है । जनहित की कई बड़ी योजनाएं जैसे पूर्व और पश्चिम से स्टेशन को जोडते हुए ?ऊपरी ? पैदल पथ एवं,रेलवे छोटी पुल का निर्माण ,स्टेशन का विस्तारीकरण ? ? जैसे योजनाओं को ठंडा बस्ते में डाल दिया गया है, यही नहीं ऐसे कई योजनाओं है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि पुरा मालदा डिवीजन भष्टाचार और कमिशन खोरी में आकण्ठ डूबा। श्री यादव ने आगे कहा कि अगर सरकार और रेल मंत्रालय पूर्व रेलवे के मालदा मंडल रेल प्रबंधक के कार्य प्रणाली की स्वतंत्र निजी एजेंसी से जांच नहीं करवाती है तो यह स्पष्ट परिलक्षित हो जायेगा कि रेलवे अब लुट और भ्रष्टाचार का बड़ा केन्द्र बन गया है, जिसके विरोध में समाजवादी पार्टी आन्दोलन का अभियान चलाएगी।

वीर सिंह हत्याकांड की न्याय के लिए प्रसन्नडों में संघर्ष समिति का गठन

हवेली खड़गपुर (आससे)। शुक्रवार को प्रखंड के प्रसन्नडो गांव स्थित अमित कोचिंग सेंटर में वीर सिंह न्याय संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वीर सिंह हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें गौरव सिंह और हेमंत सिंह को संयुक्त संयोजक बनाया गया। बैठक में शामिल लोग इंकलाब जिंदाबाद, वीर सिंह न्याय संघर्ष समिति जिंदाबाद, वीर सिंह के हत्यारे को फांसी दो और वीर सिंह के हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार करो आदि जैसे नारे लगा रहे थे। समिति के संरक्षक रमन सिंह ने कमेटी के सदस्यों से आंदोलन को मजबूती से आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द हत्याकांड का उद्भेदन करने, फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने और स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को दृष्टांतमूलक सजा दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि फरार आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी नहीं होने पर समिति बड़ा जन आंदोलन के लिए बाध्य होगी और धरना प्रदर्शन तेज किया जाएगा।

इस मौके पर गंगाराम पासवान, इंद्रदेव पासवान, अमित कुमार, सोनू कुमार झा, प्रीतम कुमार भगत, मंटू सिंह, चमन सिंह, लक्ष्मी देवी, पूनम देवी, पिंकी देवी, संजय कुमार झा, शंकर झा, मनोज कुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।



बिहार सरकार

समाहरणालय, नवादा

(मद्य निषेध एवंउत्पाद विभाग)

अल्पकालीन आम नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पादवादों में राज्यसात किये गये निम्नलिखित वाहनों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् आम नीलामी (Public Auction) क्रमशः दिनांक **13.11.2026, 20.11.2026, 26.11.2026** को समाहरणालय, नवादा में 11:00 बजे पूर्वाहन से की जायेगी। नीलामी योग्य वाहनों की सूची निम्नवत है :–

क्र. सं.	थाना का नाम	थाना काण्ड संख्या	वाहन का प्रकार	निबंधन संख्या	निबंधन का वर्ष	इंजन संख्या	चेचिस संख्या	मूल्यांकित राशि	अग्रधन की राशि	वाहन की अव स्थिति	वाहन मालिक का विवरणी
89	गोविन्दपुर थाना	289/25	BOLERO PICKUP	**WB27E/4355 (WB37E/4355)**	**29-Mar-23**	JAP1A13260	MA1ZU2TN KP1A15720	**600000.00**	**150000.00**	गोविन्दपुर थाना	धर्मेन्द्र कुमार, पिता–छोटे लाल पंडित, ग्राम–मंगलपुर कुमार पारा, पोस्ट–मंगलपुर, थाना–रानीगंज, जिला–पश्चिम बुरदवान, (पश्चिम बंगाल)–713347
90	उत्पाद थाना, नवादा	1035/23	MARUTI SUZUKI SWIFT DZIRE CAR	**WB06C/0680**	**11-Jun-09**	G13BBN522842 (D13A5013733)	MAJEKE42S00210874 (MA3FSEB1S00463223)	**50000.00**	**12500.00**	रजौली चेक पोस्ट	गौतम गांगुली, पिता–डी.एन गांगुली, ग्राम–63/1 प्रिंस बख्तियार शाह, थाना–कोलकता, पश्चिम बंगाल
91	उत्पाद थाना, नवादा	153/25	SANTRO CAR	**WB02R/358 (WB38M/2021)**	**29-Sep-03**	G4HD3C42632	MALAB51HR3M364696	**30000.00**	**7500.00**	बुधौल	सुरेन्द्र सिंह छावड़ा, पिता– स्व० एम० एस० छावड़ा, ग्राम–बगोदर, थाना– गिरीडिह, जिला– गिरीडिह, (झारखण्ड)–805125

विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, नवादा से सम्पर्क किया जा सकता है nawada.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

(कृते समाहर्त्ता, नवादा)
अधीक्षक मद्यनिषेध, नवादा

PR. No. 014219 (Excise) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।